BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 05 जून, 2025 थाना साइबर क्राइम

03 फर्जी कम्पनी खोलकर 01 करोड 29 लाख की ठगी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जें से 12 सिम कार्ड, 01 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 01 चैक बुक इण्डियन बैंक, 01 डीटीडीसी कोरियर बुक आदि बरामद ।

अवगत कराना है कि एमएचए द्वारा विकसित प्रतिबिम्ब पोर्टल पर साइबर अपराध में संलिप्त मोबाइल नम्बरों को प्रदर्शित किया जाता है। इसी क्रम में प्रतिबिम्ब पोर्टल पर जनपद बुलन्दशहर के नगर क्षेत्र में साइबर अपराध में संलिप्त मोबाइल नम्बर 9760261908 प्रदर्शित हुआ। जांच के दौरान यह नम्बर मुर्तजा सोलंकी पुत्र मुस्तफा सोलेकी निवासी ऊपर कोट थाना कोतवाली नगर बुलन्दशहर का पाया गया। साइबर सैल व साइबर क्राइम पुलिस थाने की संयुक्त रूप से की गयी जांच/छानबीन में यह जानकारी प्राप्त हुई कि उपरोक्त व्यक्ति वर्तमान थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत नाजिमपुरा में निवास करता हैं तथा अपनी दोनों पत्नियों एवं बहन व बहनोई के साथ मिलकर फर्जी रूप से कम्पनी बनाकर गूगल पर नौकरी डॉट कॉम, इनडीड डॉट कॉम पर प्रोफाइल बनाकर भोलभाले बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर उनसे उनके क्षेत्र के प्रतिष्ठत व्यक्तियों से उपरोक्त कम्पनी के नाम में सुपर डीलर एवं डीलर शिप के नाम पर पैसे डलवाता है और बाद में न तो उन्हें सामान भेजता है न ही उनके पेसे वापस करता है जिन्हें सामान देता भी है उन्हें खराब सामान देता है। इस सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पर मुअसं-18/25 धारा 316(2), 318(4), 336(3), 338, 339, 340(2) बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया हैं।

उक्त घटना के क्रम में साइबर सैल व थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा अभियुक्त मुर्तजा सोलंकी को नुमाईश ग्राउड से गिरफ्तार किया गया हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा हैं।

अभियुक्तों द्वारा खोली गयी कम्पनी के नाम-

1- सिग्मा टेलीलिंक प्रा0लि0 ऊपर कोट थाना कोतवाली बुलन्दशहर
2- स्पेस प्रहरी प्रा0लि0 ऊपर कोट थाना कोतवाली बुलन्दशहर
3- सैमजोफर एसपीएन 2 इण्डिया प्रा0लि0 वैशाली नगर जयपुर राजस्थान

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-

1- मुर्तजा सोलंकी पुत्र मुस्तफा सोलंकी निवासी ऊपर कोट थाना कोतवाली नगर हाल निवासी नाजिमपुरा भूढ थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर। (सी0ई0ओ0)

फरार अभियुक्तों के नाम व पताः-

1- जीनत सोंलंकी पत्नी मुर्तजा सोलंकी नि0 उपरोक्त (डायरेक्टर)
2- मुमताज जफर पत्नी मुर्तजा सोलंकी नि0 उपरोक्त (डायेक्टर)
3- हसरत अली पुत्र इलियास निवासी नजीमपुरा भूढ थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर (डायरेक्टर)
4- आसमा अली पत्नी हसरत अली निवासी नजीमपुरा भूढ थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर (डायरेक्टर)

पीडित व्यक्तियों का विवरणः-

1- हरिओम झा समस्तीपुर से 2,50,000 रू0 कम्पनी के खाते में डलवाकर कोई सामान नहीं दिया न ही रू0 वापस किये। वाटर टैंक कट्रोलर
2- रोशन झा दरभंगा बिहार से 2,50,000 रू0 कम्पनी के खाते में डलवाकर कोई सामान नहीं दिया न ही रू0 वापस किये। वाटर टैंक कट्रोलर
3- ऋषभ गोयल / गणेश पोददार मुजफ्फरपुर बिहार से 3,00,000 रू0 लेकर खराब सामान दिया। वाटर टैंक कट्रोलर
4- मनीष गोयल झारखंड से 3,00,000 रू0 कम्पनी के खाते में डलवाकर कोई सामान नहीं दिया न ही रू0 वापस किये। वाटर टैंक कट्रोलर
5- विश्वेन्द्र सैनी जयपुर राजस्थान 4,50,000 रू0 कम्पनी के खाते में डलवाकर कोई सामान नहीं दिया न ही रू0 वापस किये। वाटर टैंक कट्रोलर
6- पीयूष बंसल बाजपुर उ0सि0नगर 20,00,000 रू0 लेकर खराब जीपीएस दिये जो वापस मॅगाकर न ही सामान दिया और न ही पैसे वापस किये
7- अनूप दीक्षित हरियाणा 8,75,000 रू0 कम्पनी के खाते में डलवाकर कोई सामान नहीं दिया न ही रू0 वापस किये। वाटर टैंक कट्रोलर
8- अभि भसीन चण्डीगढ 50,00,000 रू0 लेकर खराब जीपीएस दिये जो वापस मॅगाकर न ही सामान दिया और न ही पैसे वापस किये।
9- रमेश गुप्ता जम्मू कशमीर 20,00,000 रू0 लेकर खराब जीपीएस दिये जो वापस मॅगाकर न ही सामान दिया और न ही पैसे वापस किये।
10- पंकज सती रानीखेत अल्मोडा से 10,00,000 रू0 जीपीएस के नाम से लेकर न ही सामान दिया न ही पैसे वापस किये।
11- प्रतीक नोएडा 5,00,000 रू0 कम्पनी के खाते में डलवाकर कोई सामान नहीं दिया न ही रू0 वापस किये। वाटर टैंक कट्रोलर

बरामदगी का विवरणः-

1- 12 सिम कार्ड
2- 01 मोबाइल फोन
3- 01 लैपटॉप मय चार्जर
4- 01 चैक बुक इण्डियन बैंक
5- 01 डीटीडीसी कोरियर बुक
6- एसपीएन एक्वा सुलेशन के वाटर टैंक लेवल कन्ट्रोलर के पम्पलेट
7- एसपीएन 2 इण्डिया प्रा0लि0 वाटर टैंक लेवल कन्ट्रोलर के पम्पलेट

पंजीकृत अभियोग व शिकायतें-

1- वाद सं0 138/2022 रानीखेत उत्तराखण्ड
2- सीएनआर-HRSIA1002629/2023
3- वाद सं0 1356/2019 जनपद बागपत
4- एनसीआरपी शिकायत 30509240041033 मुजफ्फरपुर बिहार
5- ऑन लाइन शिकायत 79970242500433 थाना चित्रकूट जयपुर राजस्थान
6- मु0अ0सं0 18/25 धारा 316(2), 318(4), 336(3), 338, 339, 340(2) बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट साइबर थाना बुलन्दशहर।
7- मु0अ0सं0 19/25 धारा 318(4), बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट साइबर थाना बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक साइबर सैल बुलन्दशहर।
2- श्री रामखिलाडी यादव, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना बुलन्दशहर।
3- उ0नि0 अफरोज खान साइबर सैल बुलन्दशहर।
4- है0का0 राकेश शर्मा साइबर सैल बुलन्दशहर।
5- है0का0 जितेश शर्मा साइबर सैल बुलन्दशहर।
6- है0का0 संजीप कुमार साइबर सैल बुलन्दशहर।

मीडिया सेल, बुलंदशहर